# वार्षिक परीक्षा 2019–2020
# कक्षा – 8वीं
# विषय – विज्ञान

समय : 2.30 घंटे पूर्णांक : 100

..................................................................................................................

प्र.1 सही विकल्प चुनकर लिखिए : 10

1) वह उपकरण जिससे विद्युत अपघटन की क्रिया होती है :
क) विद्युत सेल ख) वोल्टमीटर ग) अमीटर घ) चुम्बकीय सुई

2) पेट्रोलियम का उत्पाद नहीं है :
क) पेट्रोल ख) बायोडीजल ग) कैरोसीन घ) डीजल

3) घर्षण से उत्पन्न होती है :
क) ऊष्मा ख) गर्मी ग) ठंडी घ) पानी

4) आलू में अधिक मात्रा में पाई जाती है :
क) प्रोटीन ख) विटामिन ग) कार्बोहाइड्रेट घ) वसा

5) प्रोटोजोआ से होने वाला संक्रामक रोग है :
क) पेचिस ख) मलेरिया
ग) डायरिया घ) उपर्युक्त सभी

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 10

क) किशोरावस्था में लंबाई में .................................. होती है।

ख) ................................ आहार किशोर के लिए उचित है।

ग) निर्जलीकरण रोकने के लिए रोगी को ................................ घोल बार–बार पिलाना चाहिए।

घ) .............................. हमारे पाचन तंत्र को साफ रखते हैं।

ड.) घड़ियों, केलकुलेटर, रेडियो एवं कृत्रिम उपग्रहों में ............................ सेल का उपयोग होता है।

लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई–5) 20

प्र.3 ज्वारीय ऊर्जा से आप क्या समझते हैं ?

प्र.4 कुपोषण क्या है ? इसे कैसे दूर किया जा सकता है ?

प्र.5 प्रोटीन का परीक्षण कैसे करेंगे ?

प्र.6 छोटी माता के लक्षण लिखिए ?

प्र.7 जरायुज एवं अंडज जंतुओं में प्रमुख अंतर क्या है ?

प्र.8 किशोरों के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता क्यों आवश्यक है ?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई–5) 30

प्र.9 शुष्क सेल का स्वच्छ नामांकित चित्र बनाइए एवं वर्णन कीजिए ?

प्र.10 ऋतुओं के आधार पर फसलों के प्रकार लिखिए ?

प्र.11 सिकल सेल रोग के क्या लक्षण हैं ?

प्र.12 मलेरिया से बचाव के उपाय लिखिए ?

प्र.13 सरल वोल्टीय सेल का नामांकित चित्र बनाकर वर्णन कीजिए ?

प्र.14 खाद्य पदार्थों की सुरक्षा कैसे की जाती है ?

प्र.15 कुछ ऐसे उदाहरण लिखिए जिनमें हम जान बूझकर घर्षण में वृद्धि करते हैं ?

अति दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (कोई–3) 30

प्र.16 निम्नलिखित कृषि यंत्रों का चित्र बनाइए।

1) पारंपरिक हल 2) सरल बीज बेधक

प्र.17 बायोगैस क्या है ? इसके उत्पादन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाइए ?

प्र.18 जल विद्युत कैसे उत्पन्न की जाती है ? चित्र सहित विस्तार से समझाइए ?

प्र.19 सही / गलत पहचानकर गलत कथन को सही करके लिखिए :

1) संतान के लिंग के लिए उसकी मां उत्तरदायी है।
2) सौर सेल में सौर ऊर्जा विद्युत ऊर्जा में रूपांतरित होती है।
3) जल से डरना रेबीज का मुख्य लक्षण है।
4) आवाज भारी होना प्रौढ़ावस्था को बतलाता है।
5) जल को उबालकर पीने से जीवाणु नष्ट नहीं होते।
6) सरल वोल्टीय सेल में विद्युत अपघट्य कॉपर सल्फेट विलयन का होता है।
7) एक बच्चे का एक पैर बहुत मोटा और एक पैर सामान्य है उसे पोलियो हुआ है।
8) किशोरों को टीनएजरर्स कहा जाता है।
9) कृत्रिम निषेचन द्वारा वांछित गुणों वाले बीज प्राप्त करना पारंपरिक तकनीक है।
10) मक्का, गन्ना, तथा कपास रबी फसल है।

....000.....